राजस्थान सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, श्रीगंगानगर
बैठक में की राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के एमओयू की प्रगति की समीक्षा

श्रीगंगानगर, 21 जनवरी। राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अन्तर्गत जिला स्तर व विभाग स्तर पर सम्पादित एमओयू की प्रगति की समीक्षा व निवेशकों को आ रही बाधाओं के समाधान तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित के लिए जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला कलक्टर द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे राईजिंग राजस्थान के विजन को साकार करने के लिए निवेशकों को हर संभव सहायता प्रदान करें और विकास की प्रक्रिया को तेज करें। जिला कलक्टर ने विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग व्यक्तिगत रूप से निवेशकों से संपर्क करें। उनकी समस्याओं को समझकर उनका त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण करें तथा प्रोजेक्ट हेतु आवश्यक सरकारी स्वीकृतियों एवं अनुमतियों को प्राथमिकता के आधार पर जारी किया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती रीना, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री हरीश मित्तल, संयुक्त निदेशक मार्केटिंग बोर्ड श्री शिव सिंह भाटी, श्री वी. आई परिहार, अधीक्षण अभियन्ता जो.वि.वि.नि.लि., डॉ. चरणजीत सहायक निदेशक आयुष विभाग, श्री धीरज पंवार खनन अभियन्ता, श्री मुकेश मेहता अतिरिक्त सीएमएचओ, श्री सुरेन्द्र कुमार जिला खेल अधिकारी, श्री सज्जन कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रीको, श्री पवन शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक आदि उपस्थित हुए।